ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय
कांके रांची, झारखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 16-02-2024

चतरा(झारखण्ड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-02-16 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-02-17	2024-02-18	2024-02-19	2024-02-20	2024-02-21
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	27.0	28.0	29.0	31.0	32.0
न्यूनतम तापमान(से.)	11.0	11.0	13.0	16.0	17.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	69	46	38	46	49
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	28	23	20	23	18
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	7	8	8	9	9
पवन दिशा (डिग्री)	248	191	120	195	120
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	1	2

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले दिनों में आसमान के खुले रहने की संभावना है एवं तापमान मे हल्की बढ़ोतरी की संभावना है तथा हवा की गति सामान्य रहने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

पिछले और प्रत्याशित मौसम को देखते हुए, वातावरण में पर्याप्त नमी की उपस्थिति है, वर्षा के पश्चात गिरे हुए फलों को खेतों से निकल दे अन्यथा खड़ी सब्जियों और फसलों में रोग लगने की संभावना हो सकती है। अत: किसान भाई शुष्क दिनों में पौधों की सुरक्षा के उचित उपाय करें। वर्षा के पश्चात प्रभावित फसलों में 2% यूरिया का छिड़काव करें। आने वाले दिनों मे मौसम साफ रहने से दवाई के छिड़काव के लिए जाएँ।

लघु संदेश सलाहकार:

विलंभ से बोई गई गेहूं की फसल मे बची हुई यूरिया का भुरकाव करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	सरसों की फसल मे फली बनने की अवस्था मे अच्छी उपाय प्रपट करने हेतु 10 दिन के अंतराल मे 2 बार यूरिया का घोल को इस्तेमाल मे लाएँ तथा खेतों मे नमी बनाएँ रखें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	मौसम को ध्यान में रखते हुए गेहूँ की फसल में रोगों, विशेषकर रतुआ की निगरानी करते रहें। काला, भूरा अथवा पीला रतुआ आने पर फसल में डाइथेन एम-45 (2.5 ग्राम/लीटर पानी) का छिड़काव करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
टमाटर	मौजूदा मौसम की स्थिति में टमाटर में पिछेती झुलसा रोग का प्रकोप हो सकता है। टमाटर में पिछेती झुलसा रोग के प्रबंधन के लिए मेटालैक्सिल 8% + मैंकोजेब 64% W.P @ 400- ग्राम/एकड़ की दर से 10 दिनों के अंतराल पर छिड़काव करें।
आम	वर्तमान मौसम की परिस्थितियाँ मैंगो हॉपर के प्रकोप के लिए अनुकूल हैं। नियंत्रण के लिए फूल आने की प्रारंभिक अवस्था के दौरान फॉस्फैमिडोन 0.5 मिली/लीटर (या) डाइमेथोएट 2 मिली/लीटर पानी का छिड़काव करें।
आम	आम के फसल मे फूल गिरने को रोकने के लिए किसान भाई एनएए (25 पीपीएम) या गिब्बेरेलिक एसिड (25 पीपीएम) का छिड़काव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पशुओं की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने के लिए सर्दियों के मौसम में पशुओं को नियमित रूप से नमक के साथ खनिज मिश्रण और दैनिक राशन में 10% -20% की दर से गेहूं के दाने, गुड़ आदि भी दें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
कृषि क्षेत्र	मुख्य खेत में 6-8 सप्ताह की अवस्था वाले टमाटर के पौधों की रोपाई करें। छह सप्ताह की अवस्था में निराई-गुड़ाई पूरी करें और 27 किलोग्राम यूरिया डालें।
पौध - संरक्षण	वर्तमान समय में सब्जियों में थ्रिप्स एवं माइट्स प्रमुख कीट हैं। दोनों को नियंत्रित करने के लिए बिफेन्थ्रिन 1 ग्राम प्रति लीटर या प्रोफेनोफोस 2 मिली प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। एफिड और सफेद मक्खी जैसे रस चूसने वाले कीटों को नियंत्रित करने के लिए इमिडाक्लोप्रिड 5 मिली प्रति 10 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।